# University in News on 12 November 2021

NBT PAGE 7

# पढ़ाई में देरी, नहीं होगी पहले सेमेस्टर की परीक्षा

## 30 तक भरे जाएंगे यूजी-पीजी के बाकी सेमेस्टर के परीक्षा फॉर्म

■ एनबीटी, लखनऊ

लखनऊ यूनिवर्सिटी और सहयुक्त महाविद्यालय में यूपी-पीजी पाठ्यक्रमों की नियमित, वैक पेपर और एग्जेंप्टेड परीक्षा के लिए 30 नवंबर तक आवेदन किए जा सकते हैं। इनमें पहले सेमेस्टर के नियमित विद्यार्थियों का सत्र अभी शुरू हुआ है, ऐसे में उनकी किसी भी तरह की परीक्षा नहीं होनी है।

एलयू के परीक्षा नियंत्रक डॉ. एएम सक्सेना के मुताविक, जिन सेमेस्टर की परीक्षाएं दिसंवर में होने वाली हैं, उनमें वीए, वीएससी, वीकॉम तीसरे और पांचवें सेमेस्टर के अलावा प्रवंधकीय पीजी, पीजी डिप्लोमा, प्रवंधकीय यूजी, लॉ (3 साल ऑनर्स), डिप्लोमा, वीकॉम (ऑनर्स), एमसीए, एमएससी (एग्रीकल्चर), वीएड, एमएड, वीपीएड, एमपीएड, ललित कला संकाय शामिल हैं। उन्होंने वताया कि परीक्षाओं के ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म www.exam,luonline.in और www.lkouniv.c.in पर उपलब्ध हैं। एलयू के नियमित विद्यार्थियों को अलग से कोई शुल्क नहीं जमा करना है। सिर्फ ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरकर सेमेस्टर की शुल्क रसीद के साथ संवंधित विभागाध्यक्ष और संकायाध्यक्ष कार्यालय से अग्रसारित करवाते हुए एलयू के परीक्षा विभाग में जमा करना है।

परीक्षा नियंत्रक ने वताया कि वैकपेपर, इंप्रूवमेंट और एग्जेंप्टेड परीक्षा के लिए फॉर्म भरकर परीक्षा शुल्क जमा करना होगा। एलयू के सभी संकायाध्यक्ष और विभागाध्यक्ष से कहा गया है कि भरे जाने वाले परीक्षा फॉर्मों की सूची चार दिसंवर तक जमा करवा दें। वहीं, सहयुक्त महाविद्यालयों के प्राचार्यों को भी सूची के साथ सभी स्टूडेंट के परीक्षा फॉर्म लॉग-इन के जरिए चार दिसंवर तक विवि को भेजने को कहा गया है।


## 25 नवंबर को स्थापना दिवस पर एलयू का दीक्षांत समारोह भी होगा

राजभवन भेजा गया समारोह के आयोजन का प्रस्ताव

सहयुक्त कॉलेजों में भी होंगे मिनी दीक्षांत समारोह

■ एनबीटी, लखनऊः लखनऊ यूनिवर्सिटी ने अपने स्थापना दिवस (25 नवंवर) के ही दिन दीक्षांत समारोह के आयोजन की तैयारियां तेज कर दी हैं। इसका प्रस्ताव राजभवन भेज दिया गया है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों और विभिन्न क्षेत्रों से प्रतिष्ठित लोगों को आमंत्रित कर कार्यक्रम को भव्य वनाने की योजना है।

एलयू के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के मुताविक संवद्ध कॉलेजों को भी मिनी दीक्षांत समारोह का आयोजन करवाने के लिए कहा गया है। कुलपति के मुताविक 25 नवंवर को दीक्षांत समारोह के आयोजन का प्रस्ताव भेजा है, इसी दिन विवि का स्थापना दिवस भी है।



## स्मार्टफोन और टैबलट के लिए जुटा रहे विद्यार्थियों का ब्योरा

■ एनबीटी, लखनऊः राज्य सरकार की तरफ से युवाओं को स्मार्टफोन और टैवलट देने की घोषणा के वाद लखनऊ यूनिवर्सिटी ने अपने विद्यार्थियों के साथ ही संवद्ध कॉलेजों के विद्यार्थियों का ब्योरा जुटाना शुरू कर दिया है। इसमें यूजी, पीजी और संस्थानों में संचालित पाठ्यक्रम के विद्यार्थी शामिल किए जाएंगे। सभी कॉलेजों को 15 नवंवर तक ब्योरा देना होगा।

एलयू से संवद्ध पांच सौ से ज्यादा महाविद्यालयों के प्राचार्य और प्रवंधकों को इस संवंध में पत्र भी भेज दिया गया है। इसके लिए विवि ने गूगल लिंक भी जारी कर दिया है। विवि के कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह के अनुसार सत्र 2021-22 के सभी विद्यार्थियों का डेटा मांगा गया है।


सरकार की युवाओं को स्मार्टफोन और टैबलट देने की घोषणा का असर

HINDUSTAN PAGE 10

## छात्र-छात्राएं 30 नवंबर तक भर दें परीक्षा फॉर्म

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में प्रथम सेमेस्टर को छोड़कर अन्य परीक्षाएं दिसम्बर में होनी हैं। इसके लिए ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरवाए जा रहे हैं जिसकी अंतिम तिथि 30 नवम्बर है। परीक्षा नियंत्रक प्रो. एएम सक्सेना ने बताया कि लखनऊ विवि व सम्बद्ध कॉलेजों के यूजी व पीजी के विषम सेमेस्टर छात्रों की परीक्षाएं दिसम्बर में होनी हैं। उन्होंने बताया कि नियमित छात्रों को अलग से कोई फीस जमा नहीं करनी है। केवल ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरकर सेमेस्टर की फीस रसीद के साथ 30 नवम्बर तक परीक्षा विभाग में जमा करनी है।

i-NEXT PAGE 2

# बीएड कॉलेजों में डायरेक्ट एडमिशन डेट 14 तक बढ़ी

**स्टूडेंट्स की मांग पर एलयू ने दो दिनों का समय बढ़ाया, अभी तक 12 नवंबर तक था मौका**

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (11 Nov): स्टेट भर में बीएड की खाली पड़ी करीब सवा लाख सीटों के लिए चल रहे डायरेक्ट एडमिशन की प्रक्रिया के तहत रजिस्ट्रेशन कराने की डेट दो दिनों के लिए बढ़ा दिया गया है. अब स्टूडेंट्स 14 नवम्बर तक कालेजों में डायरेक्ट एडमिशन ले सकेंगे. अभी तक 12 नवम्बर तक ही लास्ट डेट निर्धारित थी.

### नॉन रिफंडेबल फीस जमा करनी होगी

काउंसलिंग के लिए नॉन रिफंडेबल फीस जमा करना होगा. बीएड स्टेट कोऑर्डिनेटर प्रो. अमिता बाजपेयी के अनुसार इस काउंसलिंग में केवल वहीं कैंडीडेंट्स प्रतिभाग कर सकते हैं. जिन्होंने मुख्य काउन्सिलिंग में प्रतिभाग नहीं किया है अथवा मुख्य काउंसलिंग अथवा पूल काउंसलिंग में प्रतिभाग किया था. लेकिन उन्हें कोई सीट आवंटित नहीं हो सकी है.

### 16 से अल्पसंख्यक कॉलेजों में

वहीं 16 नवम्बर से प्रस्तावित अंतिम चरण में कैंडीडेंट्स अल्पसंख्यक डिग्री कॉलेजों में एडमिशन ले सकते हैं. उन्होंने बताया कि अल्पसंख्यक संस्थानों की सुविधा हेतु काउन्सिलिंग का यह एक अतिरिक्त चक्र संचालित किया जा रहा है. अल्पसंख्यक संस्थान पहले ही अपनी गैर अल्पसंख्यक सीटों कॉलेज की 50 फीसद सीटें के लिए नियमित काउंसलिंग चक्र 1, चक्र 2, चक्र 3 में भाग ले चुके हैं. काउंसलिंग का यह चक्र केवल अल्पसंख्यक सीटों के लिए ही होगा. अगर अल्पसंख्यक संस्थान चाहते हैं तो काउंसलिंग के इस चक्र के माध्यम से अल्पसंख्यक सीटों को भर सकते हैं. काउंसलिंग का यह चक्र अल्पसंख्यक संस्थानों के लिए अनिवार्य नहीं है. केवल वह अल्पसंख्यक संस्थान जो जेईई बीएड 2021 की मेरिट सूची के कैंडीडेंट्स से अपनी अल्पसंख्यक सीटें भरना चाहते हैं भाग ले सकते हैं.

**काउंसलिंग में केवल वहीं कैंडीडेंट्स भाग ले सकते हैं. जिन्होंने मुख्य काउंसिलिंग में प्रतिभाग नहीं किया है अथवा मुख्य काउंसलिंग अथवा पूल काउंसलिंग में प्रतिभाग किया था.**

### ऑनलाइन जमा होगी फीस

कैंडीडेंट्स को 750 रुपए का नॉन. रिफंडेबल, केवल ऑनलाइन मोड नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड अथवा क्रेडिट कार्ड के माध्यम से काउंसलिंग फीस जमा करना होगा. डिग्री कॉलेज लखनऊ यूनिवर्सिटी की वेबसाइट से कैंडीडेंट्स के विवरण को वेरीफाई करेंगे और नियमों के अनुसार कैंडीडेंट्स को डायरेक्ट एडमिशन देंगे. कैंडीडेंट्स का वेरीफिकेशन जेईई बीएड काउन्सिलिंग पोर्टल पर कैंडीडेंट्स के मोबाइल नंबरों पर भेजे गए ओटीपी को दर्ज करके करना होगा.

i-NEXT PAGE 2

# 30 नवंबर तक भरें ऑड सेमेस्टर के एग्जाम फॉर्म

**लखनऊ यूनिवर्सिटी ने जारी किए दिशा-निर्देश**

LUCKNOW (11 Nov): लखनऊ यूनिवर्सिटी ने यूजी के ऑड सेमेस्टर और पीजी सेमेस्टर एग्जाम के फार्म भरने की डेट घोषित कर दी है. फार्म 30 नवंबर तक वेबसाइट www.exam.luonline.in www.lkouniv.ac.in के माध्यम से भरे जाएंगे. एग्जाम कंट्रोलर प्रो. एएम सक्सेना ने इसके निर्देश जारी किए हैं.

### इन सब्जेक्ट के फॉर्म

यूजी ऑड सेमेस्टर जैसे बीए, बीएससी, बीकॉम (थर्ड, फिफ्थ सेमेस्टर), पीजी, मैनेजमेंट पीजी डिप्लोमा, मैनेजमेंट यूजी, लॉ थ्री इयर व आनर्स, डिप्लोमा, बीकॉम आनर्स, बीएससी, एमएससी, बीएससी एवं एमएससी कृषि, बीएड, एमएड, बीपीएड, एमपीएड, ललित कला संकाय व अन्य सेमेस्टर के नियमित, बैक पेपर एवं एग्जेम्टेड एग्जाम सेमेस्टर दिसंबर-2021 (फर्स्ट सेमेस्टर के नियमित स्टूडेंट्स को छोड़ कर) के एग्जाम फार्म भरे जा सकेंगे.

### अलग से फीस नहीं

यूनिवर्सिटी के नियमित स्टूडेंट्स को अलग से कोई फीस नहीं देनी है. सिर्फ ऑनलाइन फार्म भरकर सेमेस्टर की फीस रसीद के साथ संबंधित एचओडी कार्यालय से फारवर्ड कराते हुए एग्जाम डिपार्टमेंट में जमा करना है.एलयू ने सेशन 2021-22 के ऑड सेमेस्टर के स्टूडेंट्स को फीस जमा करने का लास्ट मौका 15 नवंबर तक दिया है.

PIONEER PAGE 4

## 30 तक भरे जा सकेंगे एलयू के परीक्षा फार्म

लखनऊ। लविवि प्रशासन ने दिसम्बर में प्रस्तावित विषम सेमेस्टर परीक्षाओं के रेगुलर व बेकपेपर परीक्षा फार्म भरने की तिथि घोषित कर दी है। प्रथम सेमेस्टर के छात्रों को छोड़ कर 30 नवम्बर तक ऑनलाइन परीक्षा फार्म छात्र भर सकेंगे। विवि के परीक्षा नियंत्रक के मुताबिक विषम सेमेस्टर दिसम्बर-2021 बीए, बीएससी, बीकाम तृतीय एवं पंचम एवं पीजी, प्रबन्धकीय पीजी, पीजी डिप्लोमा, प्रबन्धकीय यूजी, विधि एवं एमएससी, बीएड अन्य सेमेस्टर पाठ्यक्रमों के नियमित, बैक पेपर एवं इक्जेम्टेड परीक्षा सेमेस्टर दिसम्बर 2021 प्रथम सेमेस्टर नियमित छात्रों को छोड़कर की परीक्षाओं के आनलाइन परीक्षाफार्म वेबसाइट पर भरने की तिथि 30 नवम्बर निर्धारित की गई है। इसके लिए विवि के नियमित छात्रों को अलग से कोई शुल्क नही जमा करना है। केवल आनलाइन परीक्षाफार्म भरकर सेमेस्टर की शुल्क रसीद के साथ सम्बन्धित विभागाध्यक्ष, संकायाध्यक्ष कार्यालय से अग्रसारित कराते हुए 30 नवम्बर तक अनिवार्य रूप से परीक्षा विभाग में जमा कर दें।

AMRIT VICHAR PAGE 4

## छात्र 30 नवंबर तक भरें परीक्षा फॉर्म

विश्वविद्यालय एवं सहयुक्त महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को 30 नवंबर तक परीक्षा फॉर्म भरना होगा। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं दिसंबर में हैं, ऐसे में परीक्षा फॉर्म 30 नवंबर तक हर हाल में भरना होगा। बीए, बीएससी, बीकाम (तृतीय एवं पंचम) एवं पीजी/प्रबन्धकीय पीजी/पीजी डिप्लोमा/प्रबन्धकीय यूजी/विधि (त्रिवर्षीय/आनर्स)/डिप्लोमा/बीकाम (आनर्स)/ बीसीए, एमसीए, बीएससी एंव एमएससी (एग्रीकल्चर), बीएड, एमएड, बीपीएड, एमपीएड ललित कला संकाय एवं अन्य सेमेस्टर पाठ्यक्रमों के नियमित/बैक पेपर एवं इक्जेम्टेड परीक्षा सेमेस्टर दिसम्बर-2021 (प्रथम सेमेस्टर नियमित छात्रों को छोड़कर) की परीक्षाओं के ऑनलाइन परीक्षाफार्म 30 तक भरना होगा।

### प्रवेश पाने वाले छात्र जमा करें परीक्षा शुल्क

सहयुक्त महाविद्यालयों के समस्त कक्षाओं के छात्र/छात्राओं को आनलाइन भरे गये परीक्षाफार्म को विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा शुल्क के साथ अपने महाविद्यालय में जमा करना है। समस्त सहयुक्त महाविद्यालय के प्राचार्य/प्राचार्यो से अनुरोध है कि परीक्षा विभाग द्वा रा उपलब्ध कराये गये लॉगिन के माध्यम से परीक्षाफार्मो को अग्रसारित करते हुए उक्त आनलाइन भरे हुए परीक्षा फार्मो की सूची के साथ विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा शुल्क बेवसाइट पर आनलाइन फीस जमा करनी होगी। इसके लिए नेटबैंकिंग/डेबिट व क्रेडिट कार्ड/आरटीजीएस/एनएफटी अथवा एचडीएफसी के किसी भी शाखा का भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

### दो दिनों में जमा करें फीस

सेल्फ फाइनेंस कोर्स में प्रवेश लेने वाले छात्र अगले दो दिनों में फीस आनलाइन जमा करें नहीं तो सीट निरस्त हो सकती है। परास्नातक में अभी कई -छात्र-छात्राएं हैं जिनका प्रवेश सेल्फ फाइनेंस वाली सीटों पर हुआ है लेकिन फीस नहीं जमा की है। ऐसे में छात्रों के पास दो दिनों का मौका है।

### बीएड में सीधे प्रवेश अब 14 तक

बीएड के स्ववित्तपोषित कॉलेजों में सीधे प्रवेश के लिए ऑनलाइन काउंसलिंग प्रक्रिया 8 नवम्बर को शुरू हुई थी। एलयू ने इसके लिए 12 नवम्बर अंतिमतिथि निर्धारित की थी लेकिन अभी कई कॉलेजों में सीटें खाली हैं, इसलिए काउंसलिंग प्रक्रिया दो दिन के लिए यानी 14 नवम्बर तक बढ़ा दी गई है।

### 30 नवंबर तक जमा होगा बैक पेपर परीक्षा शुल्क

बैकपेपर/इम्प्रूवमेन्ट/इक्जम्टेड छात्रों को आनलाइन परीक्षाफार्म भरकर परीक्षा शुल्क आनलाइन जमा करते हुए परीक्षाफार्म एवं शुल्क रसीद सम्बन्धित संकायाध्यक्ष/विभागाध्य क्ष 30 नवंबर तक देना होगा। इसके बाद संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष द्वारा भरे गये परीक्षाफार्मो की सूची 4 दिसंबर को परीक्षा विभाग को भेजनी होगी।

TIMES OF INDIA PAGE 3

# Will LU break convocation jinx this year?

TIMES NEWS NETWORK

**Lucknow:** If all goes well, then for the first time, Lucknow University will hold its convocation ceremony on foundation day itself — which is November 25.

LU has sent a proposal to Raj Bhawan in this regard. A grand ceremony is being planned which will include cultural events and presence of eminent personalities from various fields.

**SENDS PROPOSAL**

University officials have asked all affiliated colleges to organize a mini-convocation kind on their campuses.

"We have sent a proposal for the convocation ceremony on November 25. We have decided to ask colleges to distribute degrees and medals to students at the college level to give them a feel of mini-convocation," said LU vice-chancellor Prof Alok Kumar Rai.

LU decided to hold its convocation on the foundation day to make students feel proud about their achievements and to showcase the glorious history of one of the oldest residential universities in the country.

## LU puts exam forms online

All undergraduate and postgraduate students of Lucknow University, except first-year students, can fill the online examination form for the semester examinations to be held in December. The last date to fill the form is November 30. Students can fill the form on the websites: www.exam.luonline.in or www.lkouniv.ac.in.

## BEd counselling extended further

Lucknow University has extended the last date for direct counselling of UP BEd entrance examination by two days. Candidates can now take admission directly to BEd colleges till November 14. LU is conducting direct counselling to fill vacant seats in BEd colleges that could not be filled during the main BEd counselling.